# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
## भिलाई-दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : नराकास/पत्रिका/2025/140 दिनांक : 18.10.2025

## <u>परिपत्र</u>

**विषय : नराकास, भिलाई-दुर्ग की पत्रिका 'महानदी' के 'ऑपरेशन सिंदूर' विशेषांक हेतु मौलिक रचनाएँ आमंत्रित।**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों प्रोत्साहित करने तथा संस्थानों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 'महानदी' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है।

'महानदी' पत्रिका का आगामी अंक "ऑपरेशन सिंदूर" विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जाना है। पत्रिका में प्रकाशन हेतु नराकास, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के कार्मिक (अधिकारी / कर्मचारी) वं उनके परिजनों द्वारा स्वरचित व अप्रकाशित मौलिक रचनाएँ आमंत्रित की जा रही हैं।

कृपया रचनाएँ निम्नलिखित बिंदुओं को पूर्ण करते हुए भेजी जाएँ : -

1. रचना केवल ई-मेल bsprajbhasha@gmail.com के माध्यम से स्वीकार्य होंगी।
2. रचनाओं में मौलिकता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं दिए गए आँकड़ों का संस्थान के राजभाषा अधिकारी से पुनरीक्षण (वेटिंग) अवश्य करवा लिया जाए।
3. आलेख चयन में संपादक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
4. कार्मिक का पूर्ण विवरण यथा - नाम, पदनाम, विभाग, संस्थान का नाम, मोबाइल नंबर एवं एक रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ भी संलग्न करें।
5. रचनाएँ भेजने की अंतिम तिथि 30.10.2025 होगी।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए राजभाषा विभाग के दूरभाष क्रमांक 0788-2861017 / 2850831 पर संपर्क किया जा सकता है।

(राजीव कुमार)
(महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा)
भिलाई इस्पात संयंत्र
सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग

<u>मानक वितरण (ई-मेल द्वारा)</u> :

(1) नराकास, भिलाई-दुर्ग के माननीय सदस्यगण।

(2) नराकास, भिलाई-दुर्ग के राजभाषा अधिकारीगण।

---------ooooooooo---------